प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-04 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम
ऑनलाईन परीक्षा – प्रथम चरण

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु चयन परीक्षा–2020

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	08.01.2022 से 17.02.2022
ऑनलाईन परीक्षा परिणाम तिथि	24 मार्च 2022

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

24/03/22

24/3/22

24/03/2022

24/3/22

24/3/22

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु चयन परीक्षा–2020 (ऑनलाईन परीक्षा) का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु चयन परीक्षा–2020 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 08 जनवरी 2022 से 17 फरवरी 2022 तक मध्यप्रदेश के 13 शहरों में किया गया था। इसके परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतिम रूप से उपलब्ध कराए गए सीधी भर्ती के कुल **6000** रिक्त पदों हेतु ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें होमगार्ड अभ्यर्थियों सहित (रिक्त पदों का 5 गुना) कुल **31208** अभ्यर्थी द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए हैं।
2. परीक्षा उपरांत दिनांक **18.02.2022** को आदर्श उत्तर वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तर को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर नार्मलाईजेशन पद्धति अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नियम के अनुसार परीक्षा परिणाम की रोल नंबर क्रम में सूची, आरक्षण संबंधी समस्त नियमों के आधार पर तैयार कर चयन समिति की अनुशंसा हेतु पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त सूची में रिक्त पदों के 5 गुना संख्या में अभ्यथियों को ऑनलाईन परीक्षा में प्राप्तांकों की प्रावीण्यता अनुसार द्वितीय चरण के लिए बुलाया जायेगा। श्रेणी, वर्ग अनुसार 5 गुना संख्या में अंतिम उम्मीदवार के बराबर अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को द्वितीय चरण की परीक्षा का अवसर दिया गया है, भले ही कुल संख्या 5 गुना से अधिक हो जावे। इसी प्रकार होमगार्ड सैनिकों की 5 गुना सूची उनके द्वारा किये गए सेवाकाल की प्रावीण्यता के आधार पर तैयार की गई है।
4. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण सम्पन्न होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण पी.ई.बी. की वेबसाइट पर प्रदर्शित/उपलब्ध कराया जायेगा।
5. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित जानकारियों के आधार पर पुलिस मुख्यालय के नियमानुसार परीक्षा परिणाम द्वितीय चरण की कार्यवाही के लिए तैयार किया गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा समस्त पदों के लिए द्वितीय चरण की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।
6. पी.ई.बी. द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः द्वितीय चरण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों इत्यादि का सत्यापन व परीक्षण पुलिस मुख्यालय स्तर से किया जायेगा।
7. परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहॉ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/ मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल,
दिनांक 24 मार्च 2022

24/03/2022

नियंत्रक
प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल

24/03/22

24/3/22

24/3/2022

24/3/2022